भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 129
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चित्रकूट में पर्यटन क्षेत्र के विकास पर व्यय की गई राशि

129. **श्री आर.के. सिंह पटेल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश सहित देश में कितने पर्यटक स्थल चिह्नित किए गए हैं और इन पर्यटक स्थलों पर कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले (प्रभु श्री राम तपोस्थली) में पर्यटन के विकास के लिए अब तक क्या कार्य किए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 69.45 करोड़ रु. की राशि से ''रामायण परिपथ के तहत चित्रकूट तथा श्रृंगवेरपुर का विकास'' परियोजना को स्वीकृति दी गई थी। चित्रकूट में 43.13 करोड़ रु. की राशि से घटकों को स्वीकृति दी गई।

उत्तर प्रदेश राज्य में ऊपर उल्लिखित योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और जारी की गई राशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अब अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में विकास हेतु प्रयागराज और नैमिषारण्य गंतव्यों को चिह्नित किया गया है।

****

अनुबंध

श्री आर.के. सिंह पटेल द्वारा चित्रकूट में पर्यटन क्षेत्र के विकास पर व्यय की गई राशि के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या **129** के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र.	**राज्य**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**

सं.				
1.	उत्तर प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
2.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
3.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	शाहजहाँपुर- बस्ती -अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी - प्रतापगढ़- उन्नव - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - कैराना- डोमरियागंज- बागपत- बाराबंकी - आजमगढ़ का विकास।	71.91
4.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिशरिख - भदोही का विकास	67.51
5.	उत्तर प्रदेश	विरासत परिपथ 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महौर स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	33.92
6.	उत्तर प्रदेश	रामायण परिपथ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
7.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03
8.	उत्तर प्रदेश	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30
9.	उत्तर प्रदेश और बिहार	मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19	सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश तथा बिहार में वाराणसी- गया; कुशीनगर- गया- कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास	15.07

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**
1.	उत्तर प्रदेश	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	2014-15	10.98
2.	उत्तर प्रदेश	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	2014-15	9.36

3.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी का विकास -चरण-।	2015-16	18.72
4.	उत्तर प्रदेश	गंगा नदी, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	2017-18	9.02
5.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी का विकास - चरण ।।	2017-18	44.60
6.	उत्तर प्रदेश	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	39.74

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना (करोड़ रु. में)

क्र सं	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**
वर्ष 2013-14				
1.	उत्तर प्रदेश	रेल मंत्रालय के सहयोग से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	5.05
2.	उत्तर प्रदेश	रेल मंत्रालय के सहयोग से रायबरेली रेलवे स्टेशन पर पर्यटक सुविधाओं का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.44
वर्ष 2014-15				
3.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी/ सारनाथ में स्मारकों में प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखण्डी स्तूप, सारनाथ में लालकान गुम्बद और बनारस में मन महल)	भारत पर्यटन विकास निगम	5.12
वर्ष 2017-18				
4.	उत्तर प्रदेश	वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर प्रकाश व्यवस्था 1. दशाश्वमेध घाट से दरबंगा घाट (300 मीटर का क्षेत्र) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्रहालय	केंद्रीय लोक निर्माण विभाग	2.94

****